# डिवाइडर तोड़ रेल पुल से नीचे गिरा ट्रक

## कटनी-चोपन रेल मार्ग पर बड़ा हादसा



**कटनी, देशबन्धु।** एनएच 43 पर गुरुवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसा होने से हड़कंप मच गया। बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जगतपुर उमरिया के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर को चकनाचूर करते हुए सीधे कटनी-चोपन रेल मार्ग पर बने रेलवे ओवरब्रिज (पुल) से नीचे जा गिरा। ट्रक गिरने की गूंज और धमाके से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत यह रही कि ट्रक सीधे पटरियों पर न गिरकर रेलवे लाइन के ठीक किनारे (साइड) में गिरा, जिससे एक बड़ा और दर्दनाक रेल हादसा होते-होते टल गया। घटना में वाहन चालक को मामूली चोटें आई हैं।

### रफ्तार में था ट्रक

गुरुवार दोपहर करीब 1.00 बजे एक ट्रक (क्रमांक एमपी-21 एच-1071) कटनी से उमरिया की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी। जैसे ही ट्रक जगतपुर उमरिया ग्राम के समीप स्थित रेलवे पुल पर पहुंचा, चालक अचानक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा। बेकाबू हो चुका यह ट्रक पहले तो तेज रफ्तार में डिवाइडर से टकराया और उसे तोड़ते हुए सीधे पुल के नीचे खाइयों में जा गिरा। धमाके की आवाज सुनते ही आसपास के स्थानीय ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके की ओर दौड़े। नीचे झांकने पर ट्रक पूरी तरह दुर्घटनाग्रस्त नजर आया। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बिना वक्त गंवाए नीचे उतरकर राहत कार्य शुरू किया। ट्रक के केबिन में फंसे घायल चालक को कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला गया। संयोग अच्छा था कि इतनी ऊंचाई से गिरने के बावजूद चालक को केवल मामूली चोटें आई हैं, जिसे प्राथमिक उपचार दिया गया है। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ी राहत की बात यह रही कि ट्रक रेलवे ट्रैक के ऊपर नहीं गिरा। यदि ट्रक मुख्य पटरी पर गिरता और उस दौरान कोई ट्रेन वहां से गुजरती, तो बड़ा जान-माल का नुकसान हो सकता था। रेलवे प्रशासन और स्थानीय पुलिस के मुताबिक, इस हादसे से कटनी-चोपन रेल मार्ग पर ट्रेनों का आवागमन प्रभावित नहीं हुआ है और रेल यातायात पूरी तरह सामान्य रूप से संचालित है।

## औद्योगिक विवाद का प्रकरण श्रम न्यायालय जबलपुर को सुपुर्द

**कटनी, देशबन्धु।** श्रम आयुक्त कार्यालय, इन्दौर ने कटनी जिले के सेवा नियुक्त आवेदक और सेवा नियोजक के मध्य औद्योगिक विवाद से जुड़े एक प्रकरण को श्रम न्यायालय, जबलपुर को सुपुर्द किया है। जारी आदेश के अनुसार कैमोर निवासी आवेदक राजकुमार सिंह एवं सेवा नियोजक संस्थान प्रीमियर शील्ड प्राइवेट लिमिटेड, भोपाल एवं एवरेस्ट इंडस्ट्रीज लिमिटेड, कटनी के प्रबंध संचालकों के मध्य उत्पन्न औद्योगिक विवाद के निराकरण हेतु यह निर्णय लिया गया है। मामले में यह निर्धारित किया जाएगा कि आवेदक की सेवा समाप्ति वैध एवं उचित है या नहीं। यदि सेवा समाप्ति अनुचित पाई जाती है, तो आवेदक किस प्रकार की राहत या सहायता का पात्र होगा तथा सेवा नियोजक को क्या निर्देश दिए जाने चाहिए।

### नर्मदा वेयरहाउस के पास वारदात, आरोपी फरार

## युवक को पीटकर बाइक और मोबाइल लूट लिया

**कटनी, देशबन्धु।** एनकेजे थाना क्षेत्र में आने वाले नर्मदा वेयरहाउस गाताखेड़ा के पास तीन अज्ञात बदमाशों ने एक युवक को रोककर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और उसकी मोटरसाइकिल व कीमती मोबाइल लूटकर फरार हो गए।

पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के हीरापुर कोड़िया निवासी अभिषेक रजक (पिता कमलेश रजक, उम्र 23 वर्ष) बीते 9 जून की रात करीब 7.30 बजे अपनी मोटरसाइकिल से गाताखेड़ा की ओर से गुजर रहे थे। इसी दौरान नर्मदा वेयरहाउस के पास घात लगाए बैठे तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। इससे पहले कि पीड़ित कुछ समझ पाता, तीनों बदमाशों ने एक राय होकर अभिषेक के साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। युवक को लहूलुहान करने के बाद बदमाश उसे जान से मारने की धमकी देते हुए उसका सारा सामान छीनने लगे। बदमाश पीड़ित अभिषेक का मोबाइल फोन (कीमत करीब 22,000 रुपये) और उसकी पैशन प्रो मोटर साइकिल (क्रमांक एमपी 21 एमआर 1887, कीमत करीब 90,000 रुपये) लूटकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से रफूचक्कर हो गए। वारदात के बाद सहमे पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। एनकेजे पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए पीड़ित अभिषेक रजक की शिकायत पर अज्ञात तीनों आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 307/26 दर्ज किया है। पुलिस ने नए कानून के तहत धारा 309(4) व 309 (6) डकैती/लूटपाट के लिए चोट पहुंचाना धारा 126 (2) गलत तरीके से रास्ता रोकना धारा 296 (बी), 351 (3), 61 (2) बीएनएस के तहत गंभीर मामला दर्ज किया।

## एनसीटीई पाठ्यक्रमों के प्रथम चरण का आवंटन जारी

**कटनी, देशबन्धु।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु संचालित ई-प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत एनसीटीई पाठ्यक्रमों (बी.एड., एम.एड., बी.पी.एड., एम.पी.एड. आदि) के प्रथम चरण का महाविद्यालय आवंटन जारी कर दिया गया है। प्रथम चरण में पात्र अभ्यर्थियों को महाविद्यालय आवंटित किए गए हैं। आवंटित अभ्यर्थियों को प्रवेश सुनिश्चित करने के लिये 15 जून तक निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। उच्च शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों से आग्रह किया है कि वे अपने लॉगिन के माध्यम से आवंटन की जानकारी प्राप्त कर निर्धारित समय-सीमा में शुल्क जमा कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें।

## सार-समाचार

### आत्मा अजर-अमर एवं अविनाशी है : जन्मेजय शरण जी



**बाकल, देशबन्धु।** आत्मा न कभी जन्म लेती है और न कभी मरती है। यह अजर, अमर एवं अविनाशी है। इसे किसी भी अस्त्र-शस्त्र से नष्ट नहीं किया जा सकता। शरीर नश्वर है, परंतु आत्मा शाश्वत है। मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप आत्मा की पहचान कर उसके कल्याण का प्रयास करना चाहिए। उक्त आशय के सारगर्भित उद्गार अल्प प्रवास पर बाकल पहुंचे रसिक पीठाधीस्वर जन्मेजय शरण जी महाराज द्वारा कहा कि आत्मा की शुद्धि, संयम, साधना और सत्कर्मों से ही मोक्ष मार्ग प्रशस्त होता है। सांसारिक मोह-माया में उलझकर मनुष्य अपने वास्तविक स्वरूप को भूल जाता है, जबकि आत्मा का स्वभाव ज्ञान, दर्शन और आनंद है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को आत्मकल्याण की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। धर्मसभा मे रूप से रामकुमार सराफ, बालमुकुन्द सोनी, डॉ. आरके पंडित, डॉ. एमके जैन, नरेंद्र सिधई, निरंजन दुवे, लक्ष्मी पटैल, इन्दल सिंह पटेल, द्वारका सोनी, मुकेश सराफ, वीबी दुवे, स्वह्लिल साहूकार, गोविंद चौधरी, जेपी पटैल, अनूप श्रीवास्तव, संतोष विश्वकर्मा, प्रमोद दुवे, जगत्राथ पटैल सहित बड़ी संख्या मे भक्तगण उपस्थित रहे।

### जनकल्याण शिविर की तैयारियों को लेकर आयोजित की गई बैठक



**बहोरीबंद, देशबन्धु।** जनपद पंचायत सभागार में 12 जून से 18 जून तक बहोरीबन्द में स्थित निजी मैरिज गार्डन में आयोजित होने होने वाले जनकल्याण शिविर की तैयारियों को लेकर सीईओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें सचिव व ग्राम रोजगार सहायक बैठक में शामिल हुए , इसके साथ ही विकास कार्यों व हितग्राही मूलक योजनाओं की भी समीक्षा की गई इस दौरान ए ई अरविंद पटेल प्रधानमंत्री आवास ब्लॉक समन्वयक अखिलेश वर्मा समग्र स्वछता ब्लाक समन्वक नवीन साहू उपयंत्री सुशील साहू नीरज तंतुवाय पंकज शुक्ला सहित सचिव जीआरएस उपस्थित रहे। आयोजित होने वाले जनकल्याण शिविर में बतौर मुख्यातिथि सांसद वीडी शर्मा अध्यक्षता विधायक प्रणय पांडे व विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा शामिल हौंगी। ग़ौरतलब है कि आयोजित होने वाले जनकल्याण शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करना तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना है। केन्द्र एवं राज्य शासन की प्रमुख हितग्राही मूलक योजनाओं (टेक्नोलॉजी एवं लक्ष्य आधारित) के पात्र किन्तु वंचित हितग्राहियों की विभागीय मैदानी अमले के सहयोग से पहचान कर उनका पंजीयन, स्वीकृति एवं लाभ वितरण की कार्यवाही शिविर के दौरान ही पूर्ण की जानी है।

### अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई, 102 पाव देशी मदिरा जब्त

**कटनी, देशबन्धु।** जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में आबकारी वृत्त बड़वारा की टीम द्वारा ग्राम कोटेश्वर, थाना बरही क्षेत्र में दबिश दी गई। दबिश के दौरान पुरषोत्तम यादव के रिहायशी मकान के समक्ष विधिवत पंचनामा बनाकर तलाशी ली गई। तलाशी में 102 पाव देशी प्लेन मदिरा बरामद हुई, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया। इस प्रकरण में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) (क) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। साथ ही संबंधित व्यक्ति को भविष्य में अवैध रूप से शराब विक्रय न करने की सख्त हिदायत दी गई। यह कार्रवाई आबकारी उपनिरीक्षक केशव उइके के नेतृत्व में की गई, जिसमें आबकारी आरक्षक किसन लाल बरदिया का सराहनीय योगदान रहा।

## रुपयों के लिए लुटेरे बन गए 3 दोस्त



युवक को चाकू दिखाकर लूटने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**कटनी, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के कुशल निर्देशन एवं रत्नेश मिश्रा उप पुलिस अधीक्षक के मार्ग दर्शन में थाना एन.के.जे थाना प्रभारी को मिली सफलता। घटना मे प्रार्थी अभिषेक रजक पिता कमलेश रजक उम्र 23 साल निवासी ग्राम हीरापुर कौडिया थाना एन.के.जे. कटनी का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की मै अपनी मोटर साईकिल से अकेला अपने घर हीरापुर कौडिया जा रहा था नर्मदा वेयर हाउस मोड पर तीन अज्ञात व्यक्ति जो मुह पर सफेद गमछा बाधे हुये थे। तीनो ने मेरा रास्ता रोककर चाकू दिखाकर मेरे साथ मारपीट कर, मेरी पेंट की जेब से मेरा मोबाइल छीन लिया और मेरा मोटर साईकिल लेकर भाग गये प्रार्थी अभिषेक रजक की रिपोर्ट पर प्रथम दृष्टया अपराध धारा 296 (बी), 126 (2), 309 (4), 309 (6), 351 (3), 61 (2) बीएनएस का पाये जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन मे गठित थाना एन.के.जे. पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना व तकनीकी साक्ष्यो के आधार पर संदेही गुलशन चौधरी निवासी गाताखेडा को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ किये जिसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए अपने दो अन्य साथी करन रैकवार निवासी पोस्ट आफिस मुख्य डाकघर के सामने थाना कोतवाली कटनी एवं दीपांशु सेन निवासी केलवारा फाटक कटनी को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ किये जिसमे तीनो ने घटना दिनांक को लूट की घटना करना स्वीकार किया। गुलशन चौधरी के कब्जे से लूट की गयी मोटर साईकिल ,आरोपी दीपांश सेन से घटना मे प्रयोग की गयी स्वयं की मोटर साईकिल व लूट किया गया मोबाईल एवं आरोपी करण रैकवार से घटना मे प्रयोग की गयी चाकू जप्त की गई है। तीनो आरोपियो को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय कटनी मे पेश कर जिला जेल कटनी भेजा गया।। गिरफ्तार आरोपी मे गुलशन चौधरी पिता स्व. चुन्नी लाल चौधरी निवासी ग्राम गाताखेडा थाना एन.के.जे. जिला कटनी, करन रैकवार पिता अनूप रैकवार उम्र 20 साल निवासी वार्ड नं. 24 ईश्वरी पुरा वार्ड थाना कोतवाली जिला कटनी, दिपांशु उर्फ दिपांश उर्फ सागर सेन पिता दीपक सेन उम्र 23 साल निवासी नदी पार कैलवारा मोड थाना कोतवाली जिला कटनी को गिरफ्तार किया गया है जिनके पास से बरामद मशरूका मे एक मोबाइल फोन वीवो कंपनी, मोटर साइकिल हीरो एचएफ डीलक्स कुल कीमती 112000 रुपये की बरामद की गयी उक्त कार्यबाही मे थाना प्रभारी उप.निरी. रुपेन्द्र राजपूत, सउनि विष्णुदत्त शुक्ला, सउनि सहपाल परतेती, प्र.आर. शैलेष दमोहिया, प्र.आर. आरिफ हुसैन, आर. अर्पित पटेल, आर. जज कुमार, आर. राजेश काछी साइबर सेल से अमित श्रीपाल, शुभम गौतम, अजय शंकर साकेत की सराहनीय भूमिका रही।

## नवागत एएसपी कमल मौर्य ने संभाला कार्यभार



**कटनी, देशबन्धु।** कटनी के नए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एडीशनल एसपी) कमल मौर्य ने आज विधिवत अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। उनके पदभार संभालने के साथ ही जिले के पुलिस प्रशासन को एक अनुभवी और प्रशासनिक दृष्टि से दक्ष अधिकारी का नेतृत्व प्राप्त हुआ है। वर्ष 2001 बैच के राज्य पुलिस सेवा अधिकारी कमल मौर्य का हाल ही में कटनी जिले में स्थानांतरण किया गया है। इससे पूर्व वे उप सेनानी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। पुलिस विभाग में उनकी पहचान एक अनुशासित, प्रभावी एवं कार्यकुशल अधिकारी के रूप में रही है। कटनी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में दायित्व संभालने के बाद उनसे कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, अपराध नियंत्रण को प्रभावी करने तथा पुलिस व्यवस्था को बेहतर बनाने की अपेक्षा जताई जा रही है। पुलिस महकमे में हुए इस बदलाव को प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। माना जा रहा है कि कमल मौर्य अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता के माध्यम से जिले में पुलिस कार्यप्रणाली को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जिले के पुलिस अधिकारियों एवं विभिन्न वर्गों द्वारा नवागत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य के स्वागत के साथ उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी जा रही हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महाविद्यालयों में होगा सामूहिक योग कार्यक्रम

**कटनी, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को कटनी जिले के सभी महाविद्यालयों में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। निर्देशों के अनुसार आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026 के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए निर्धारित गतिविधियों का पालन किया जाएगा। महाविद्यालयों से कहा गया है कि वे योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम की तैयारी के तहत 19 जून को विद्यार्थियों को प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा। सामूहिक योग कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को योग के अनुरूप आरामदायक वेशभूषा धारण करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी महाविद्यालयों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों को योग दिवस कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, 21 जून को आयोजित गतिविधियों की एकत्रित प्रतिवेदन रिपोर्ट 24 जून तक उच्च शिक्षा विभाग को भेजने के लिए कहा गया है। उच्च शिक्षा विभाग का उद्देश्य योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा विद्यार्थियों में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है।

## प्रतिनियुक्ति वाले बीएसी एवं सीएसी को पड़े वेतन के लाले

### वेतन पर कर्मचारी के अतिरिक्त उसके परिवार का भी हक़, वेतन में विलंब अमानवीय : राकेश दुबे

**कटनी, देशबन्धु।** समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जिला शिक्षा केन्द्र कटनी के अधीनस्थ प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अमले की माह मई 2026 पेड जून 2026 का मासिक वेतन का जिला परियोजना समन्व्यक कटनी द्वारा आज 12 जून तक भुगतान नहीं किया गया है। जबकि प्रत्येक शासकीय कर्मचारी के बीमा, व्यक्तिगत लोन, गृह लोन, वाहन लोन, बच्चों की फीस, मकान का किराया इत्यादि के भुगतान हेतु माह के पांच से दस तारीख के बीच का समय नियत रहता है। परन्तु जिला परियोजना समन्व्यक कटनी प्रेमनारायण तिवारी (मूल पद उच्च माध्यमिक शिक्षक) द्वारा मैपिंग, फीडिंग पुस्तक वितरण, यू डाइस जैसे कार्यों के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन न होने का हवाला देकर न केवल उक्त वेतन भुगतान रोका है, बल्कि कुछ लोकसेवकों की वेतनवृद्धि बाधित करने की भी धमकी दे रहे हैं। शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे का कहना है कि मैपिंग, फीडिंग, यूडाइस जैसे कार्यों के शत-प्रतिशत पूर्णता के लिए बच्चों के प्रवेश के अनुसार सितंबर तक का समय निर्धारित किया गया है, फिर जून के प्रथम सप्ताह में इनका शत-प्रतिशत पूर्ण हो जाना कैसे संभव है। इसी तरह कटनी जिले में आवश्यकता से कुल 40 प्रतिशत पुस्तकें वितरण हेतु प्राप्त हुई हैं, जिन्हें जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा स्कूल तक पहुंचाना था, परन्तु अनेक विद्यालयों में शिक्षक अपने संसाधन से पुस्तकें ढो कर ले जा रहे हैं, और इसके बाद भी 37 प्रतिशत वितरण कार्य इस अमले द्वारा कर लिया गया है, तो जब 100 प्रतिशत पुस्तकें मिलीं ही नहीं, तब सौ प्रतिशत वितरण कैसे संभव है।

इसी तरह उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के लिए जारी हुए बजट का एक भी रूपया जिला परियोजना समन्व्यक कटनी प्रेमनारायण तिवारी (मूल पद उच्च माध्यमिक शिक्षक) द्वारा ब्लॉकों को जारी नहीं किया गया और संबंधित ब्लॉक सह समन्वयकों (साक्षरता) को उनके पद से पृथक करने का प्रस्ताव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी के समक्ष प्रस्तुत कर उन्हें पृथक करा दिया, ताकि अब अपने मनमाफिक लोगों को रखकर उक्त बजट की बंदरबांट की जा सके। संगठन के प्रांताध्यक्ष ने कमिश्नर जबलपुर संभाग, संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल, कलेक्टर जिला कटनी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी को मेल द्वारा पत्र भेजकर आग्रह किया है कि समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जिला शिक्षा केन्द्र कटनी के अधीनस्थ प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अमले की माह मई 2026 पेड जून 2026 का मासिक वेतन का जिला परियोजना समन्व्यक कटनी द्वारा तत्काल भुगतान कराने का कष्ट करें, एवं भविष्य में उनके द्वारा जो इस तरह के शिक्षकों को प्रताड़ना देने वाला कार्य किये जा रहे हैं, उन पर रोक लगाई जावे।

## लोक निर्माण विभाग की महापौर ने ली विस्तृत समीक्षा बैठक

### विकास कार्यों के साथ शिक्षा अधोसंरचना पर विशेष फोकस, निर्माण कार्यों में तेजी लाने दिए निर्देश

**कटनी, देशबन्धु।** नगर निगम क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों एवं शैक्षणिक अधोसंरचना की प्रगति की समीक्षा करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मंगलवार को निगम के लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की विस्तृत बैठक ली।

बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क, भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों के साथ बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना भी निगम की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी न केवल नागरिक सुविधाओं को प्रभावित करती है, बल्कि शिक्षा एवं सामाजिक विकास की गति को भी बाधित करती है। उन्होंने सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान महापौर ने चौपाटी निर्माण कार्य, घंटाघर से जगन्नाथ चौक तक सड़क चौड़ीकरण, निर्माणाधीन ए. रविंद्रराव शाला भवन, स्वीकृत पुरवार शाला भवन सहित पूर्व में चिन्हित जर्जर शाला भवनों के मरम्मत कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। इसके साथ ही सिविल लाइन स्थित डॉ. प्रवीण वैश्य गली ,लखेरा रोड, गौरीशंकर मंदिर रोड, सरस्वती स्कूल रोड, आदर्श कॉलोनी से गर्ग चौराहा मार्ग, कैंप मुख्य बाजार से मुक्तिधाम मार्ग तथा प्रीतम राइस मिल क्षेत्र में झूलेलाल मंदिर दीवान सायकल से झूलेलाल मंदिर मार्ग कैंप तक डामरीकरण का प्रस्तावित एवं प्रगतिरत डामर सड़कों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। महापौर ने प्रगतिरत कार्यों में गुणवत्ता एवं समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से स्कूल भवनों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को सुरक्षित, सुविधायुक्त एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना नगर निगम की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक अधोसंरचना को सुदृढ़ करना भविष्य की पीढ़ी को बेहतर अवसर प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बैठक में महापौर ने शहर में संचालित विभिन्न अधोसंरचनात्मक एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बस स्टैंड क्षेत्र में क्षतिग्रस्त एवं झुके हुए डिवाइडरों के सुधार कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।



साथ ही प्रमुख मार्गों के उन्नयन, सड़क चौड़ीकरण, सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण एवं अन्य विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को कार्यों में आपेक्षिक गति लाने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की सबसे मजबूत नींव होती है। बेहतर स्कूल भवन, सुरक्षित परिसर एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाएं बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शाला भवनों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा वर्षा ऋतु से पूर्व सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। साथ ही सभी अधूरे निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा निर्धारित समयसीमा में उन्हें पूर्ण कर नागरिकों को शीघ्र लाभ उपलब्ध कराया जाए। महापौर ने कहा कि शहर के विकास की गति बनाए रखने के लिए विभागीय समन्वय, जवाबदेही और सतत निगरानी अत्यंत आवश्यक है। विकास एवं शिक्षा, दोनों ही नगर के समग्र विकास के प्रमुख आधार हैं और इनसे जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाए।